एपीडा-टीएफडी/1/2024-44

दिनांक: 08.05.2024

वर्ल्ड फूड मॉस्को, रूस में एपीडा की भागीदारी

17-20 सितंबर, 2024

प्रिय निर्यातक,

एपीडा द्वारा मॉस्को, रूस में 17-20 सितंबर तक आयोजित होने वाले वर्ल्ड फूड मॉस्को 2024 (डब्ल्यूएफएम) में भागीदारी ली जा रही है । वर्ष 2023 में आयोजित डब्ल्यूएफएम का पिछला संस्करण काफी सफल रहा था और अब यह अखिल विश्व के कृषि उत्पादों के आयातकों और निर्यातकों के बीच अत्यधिक लोकप्रिय भी है।

प्रदर्शनी को भारतीय खाद्य उत्पादों को प्रदर्शित करने और भारतीय निर्यातकों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया जाएगा। इंडिया पवेलियन में 9 वर्ग मीटर आकार में लगभग 15-20 निर्मित स्टॉल होंगे और इन्हें एपीडा पंजीकृत निर्यातकों को आबंटित किया जाएगा।

इस संबंध में, एपीडा इंडिया पवेलियन के अंतर्गत वर्ल्ड फूड मॉस्को 2024 में भागीदारी के लिए पंजीकृत सदस्य निर्यातकों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करता है। लिंक नीचे दिया गया है:-

https://itrack.apeda.gov.in/mda/NewTradeFairApplication.aspx?RequestID=51726878

इवेंट में भाग लेने के अनुरोध पर 31.05.2024 तक विचार किया जाएगा। यदि आवेदक स्टॉल की उपलब्धता से अधिक हैं तो निर्यात के लिए उत्पाद की क्षमता को ध्यान में रखते हुए और आवश्यकता पड़ने पर ड्रा के बाद आबंटन किया जाएगा। इस संबंध में अध्यक्ष , एपीडा का निर्णय अंतिम होगा।

भागीदारी के लिए विचार किए जाने वाले आवेदकों को भागीदारी शुल्क अलग से सूचित किए जाएंगे।

किसी भी प्रश्न या स्पष्टीकरण के लिए आप हस्ताक्षरकर्ता से ईमेल आईडी mpvijay@apeda.gov.in पर संपर्क कर सकते हैं।

धन्यवाद,

भवदीय,

मान प्रकाश विजय
उप महाप्रबंधक